# आगरा और अलीगढ़ डिफेंस कॉरिडोर पर खर्च होंगे 185 करोड़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर परियोजना (यूपीडीआईसी) के अंतर्गत आगरा व अलीगढ़ नोड में विकास पर 185.30 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने इसका खाका तैयार किया है। यूपीडा के अनुसार, आगरा में 120.98 करोड़ की लागत से 123.13 हेक्टेयर और अलीगढ़ में फेज-2 के तहत 87.89 हेक्टेयर में 64.31 करोड़ रुपये खर्च कर आंतरिक संरचना का निर्माण व विकास किया जाएगा। इस प्रकार दोनों नोड्स में 12 महीने में 211.02 हेक्टेयर क्षेत्र में लगभग 185.30 करोड़ से काम होंगे। आगरा व अलीगढ़ में होने वाले आंतरिक संरचनाओं से जुड़े निर्माण व विकास कार्यों को ईपीसी मोड पर पूरा किया जाएगा। ब्यूरो